हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 5 जून 2024

तापमान
अधिकतम 45 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

13 राव की जीत पर समर्थकों ने लड्डू बांटकर मनाया जश्न


14 मानसून आने पर धारूहेड़ा में फिर पैदा हो सकती है दूषित पानी की समस्या


## खबर संक्षेप

### धारूहेड़ा क्षेत्र में घर से बिना बताए गया युवक

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा क्षेत्र से युवक बिना बताए घर से लापता हो गया। वार्ड नंबर 4 धारूहेड़ा निवासी ओमप्रकाश चिनाई मिस्त्री का काम करता है। ओमप्रकाश ने सेक्टर-6 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 27 वर्षीय लड़का सुनील कुमार नशा करने का आदी है। एक जून को वह घर से बिना बताए कही चला गया। रिश्तेदारी व आस पड़ौस में तलाश करने पर भी लड़के का पता नहीं चला। उसने अपने बेटे को किसी के छिपाने का संदेह जताया है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली चोरी

**रेवाड़ी।** कसोला थाना क्षेत्र के गांव से चोर ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर ले गए। गांव बगथला निवासी नरेश कुमार ने कसोला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 जून को उसने अपने घर के सामने ट्रैक्टर की ट्राली खड़ी की थी। सुबह देखा तो वहां से ट्रैक्टर ट्राली गायब मिली। अपने स्तर पर तलाश करने पर भी ट्राली नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दजर्ध् कर लिया है।

### सेक्टर-18 में मकान के बाहर से बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 में मकान के बाहर से चोर बाइक चोरी कर ले गए। दुर्गा कॉलोनी निवासी नवीन 3 जून दोपहर करीब 1 बजे सेक्टर-18 में अपने दादा के घर किसी काम से आया था तथा मकान के बाहर बाइक खड़ी करके अंदर चला गया। करीब आधे घंटे बाद घर से बाहर आया तो वहां पर बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने पर भी बाइक का पता नहीं चल पाया। मॉडल टाउन थाना पुलिस से चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### लियो चौक के पास से बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** लियो चौक के पास से चोर बाइक चोरी कर ले गए। गांव तोलाश जिला भीलवाड़ा हाल किरायेदार विजय नगर प्रभुलाल ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह लियो चौक के पास आईसक्रीम की रेहड़ी लगता है तथा अपने रिश्तेदार सुखबीर निवासी खेड़ा मुरार की बाइक से आता जाता है। 2 जून समय रात करीब 8 बजे उसने बाइक लियो चौक पर खड़ी की थी। देखा तो वहां से बाइक गायब थी। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव के पंप हाउस से मोटर की केबल चोरी

**जाटूसाना।** जाटूसाना क्षेत्र के गांव के बूस्टिंग स्टेशन से चोर सबमर्सिबल की मोटर की केबल व क्लोरीन चोरी कर ले गए। गांव बाबड़ोली निवासी राजबीर गांव में वाटर सप्लाई ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। ऑपरेटर ने जाटूसाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 जून को जब वह सप्लाई चलाने आया तो वहां से सबमर्सिबल मोटर की करीब 400 फीट कोपर की केबल व पंप हाउस में रखी क्लोरीन गायब मिली। अपने स्तर पर तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला।

### दो ट्यूबवेल से कॉपर की केबल ले गए चोर

**रेवाड़ी।** खोल क्षेत्र के गांव में खेत में बने ट्यूबवेल के कमरों से चोरी कॉपर की केबल चोरी कर ले गए। गांव प्राणपुरा गोपालपुरा निवासी नेकीराम ने खोल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी का कार्य करता है तथा उसने व उसके भाई शेरसिंह ने अपने खेत में दो अलग-अलग ट्यूबवेल कर रखे है तथा ट्यूबवेल के पास ही सामान रखने के लिए दो अलग-अलग कमरे बनाए हुए है। गत दिवस जब वह सुबह खेत में आए तो दोनों कमरों के ताले टूटे हुए मिले। जांच करने पर देखा तो दोनों सबमर्सिबल मोटर की करीब 720 फीट कॉपर की केबल गायब थी। पुलिस ने अज्ञज्ञत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### लाखों मतों से जीत के अरमान रहे अधूरे, दोपहर तक राज बब्बर ने डराए रखा

# गुरूग्राम में राव की बादशाहत बरकरार कड़े मुकाबले में राज बब्बर को दी मात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

गुरूग्राम लोकसभा सीट पर लाखों मतों से एकतरफा जीत की उम्मीद लगाए बैठे भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के साथ कड़े मुकाबले में फंस गए। कांटे की टक्कर में अहीरवाल के 'राजा' राव इंद्रजीत सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर को 73465 मतों से हराकर इस सीट पर लगातार चौथी बार सांसद बनने का गौरव हासिल किया है। राव को 805161 और राज बब्बर को 731696 मत मिले। मतगणना शुरू होने के बाद दोपहर 1 बजकर 28 मिनट तक हालात राव और उनके समर्थकों के पक्ष में नहीं थे। ओवरऑल काउंटिंग में राव लगातार राज बब्बर से पीछे चल रहे थे। राव समर्थक काउंटिंग सेंटरों पर हताश नजर आ रहे थे। दोपहर के बाद उन्होंने पहली बार 6986 मतों से बढ़त हासिल की, तो समर्थकों की उम्मीदें बढ़ने लगीं। 2 बजकर 6 मिनट बाद हालात एक बार फिर राज बब्बर के पक्ष में नजर आने लगे। वह 2626 मतों से आगे निकल गए। दोपहर बाद 2 बजकर 18 मिनट पर उन्हें ओवरऑल 11447 मतों की लीड मिली, जिसके बाद उतार-चढ़ाव के बावजूद वह जीत की ओर अग्रसर होते चले गए। शाम को 3 बजकर 28 मिनट पर लीड बढ़कर 60 हजार मतों के पार हुए, तो समर्थकों को उनकी जीत सुनिश्चित नजर आने लगी। हालांकि बाद में भी लीड कम-ज्यादा होती रही, लेकिन राज बब्बर उसे अंत तक पाट नहीं पाए। नूंह जिले के तीनों हलकों की काउंटिंग पूरी होने के साथ ही राव की जीत का रास्ता साफ हो गया था। मेवात के सभी राउंड पूरे होने के बाद ही राव की जीत का मार्जिन बढ़ता चला गया। शाम 5 बजे लीड 70 हजार का आंकड़ा पार कई, तो राव की जीत सुनिश्चित नजर आने लगी। शाम के पांच बजते-बजते राव की लीड 1 लाख का आंकड़ा छूती हुई नजर आने लगे, जिससे समर्थकों का उत्साह भी चरम की ओर बढ़ने लगा।


रेवाड़ी। जीत के बाद समर्थकों को संबोधित करते राव इन्द्रजीत सिंह।

#### दोपहर तक समर्थकों की अटकी रही सांसें

दोपहर डेढ़ बजे तक हालात राव समर्थकों के लिए माकूल नहीं थे। मतगणना केंद्रों पर उनकी हालत पतली नजर आ रही थी। दोपहर तक राव को एक बार भी बढ़त नहीं मिली, जिससे समर्थकों की बेचैनी लगातार बढ़ रही थी। कुछ समर्थक तो मतगणना केंद्र से बाहर भी जा चुके थे। दोपहर बाद जब राव की बढ़त शुरू हुई, तो समर्थकों की जान में जान आई। शाम को 4 बजे के बाद लीड़ 60 हजार का आंकड़ा पार कर गई, तो राव समर्थकों का जोश भी सातवें आसमान पर नजर आने लगा।

#### राज बब्बर के चहरे से आत्मविश्वास गायब

शुरूआती राउंडों में लगातार जीत हासिल करने के बावजूद राज बब्बर को अपनी जीत को लेकर ज्यादा भरोसा नहीं था। मतगणना केंद्र पर पहुंचे राज बब्बर के चेहरे पर कहीं भी जीत की उम्मीद नजर नहीं आ रही थी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इतना कहा कि गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र की जनता जीत रही है। मतगणना केंद्र के बाहर जहां राव समर्थक मौजूद रहे, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थक दूर-दूर तक नजर नहीं आए। कांग्रेस कार्यकर्ता भी मतदान केंद्र के आसपास दिखाई नहीं दिए।

#### जेजेपी पहली बार दस हजार पार

गत लोकसभा चुनावों में पहली बार गुरूग्राम सीट पर चुनाव लड़ने वाली जेजेपी और इनेलो दोनों ही 10 हजार मतों का आंकड़ा पार नहीं कर पाई थी। इनेलो प्रत्याशी विरेंद्र राणा 9911 और जेजेपी प्रत्याशी महमूद खान 8993 मतों पर सिमटकर रह गए थे। इस बार जेजेपी ने राहुल फाजिलपुरिया व इनेलो ने हाजी सोराब खान को मैदान में उतारा था। राहुल 10 हजार का आंकड़ा पार करने में कामयाब रहे, जबकि सोराब खान 5 हजार मतों के अंदर ही सिमट गए।

#### मतगणना केंद्रों पर रहा पुलिस का पहरा


रेवाड़ी। जैन स्कूल के गेट पर तैनात पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। मतगणना के दौरान सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय व सरकुलर रोड स्थित जैन पब्लिक स्कूल के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मतगणना के दौरान शहर में 600 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई। गर्ल्स स्कूल में गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के तहत बावल व रेवाड़ी विधान सभा तथा जैन स्कूल में रोहतक संसदीय क्षेत्र के तहत कोसली विधानसभा के मतों की मतगणना की गई। मतगणना केंद्रों पर मतगणना स्टाफ के अलावा अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया गया।

#### सड़कों पर कम नजर आया ट्रैफिक

सेक्टर-18 स्थित गर्ल्स कॉलेज के मतगणना केंद्र बाहर सुरक्षा को लेकर तीन जगह बेरिकेटिंग की गई। भीषण गर्मी से बचने के लिए पुलिस के लिए सड़क पर टैंट लगाए गए, लेकिन पुलिस कर्मियों ने पेड़ों की छांव में अपनी ड्यूटी दी। मतगणना केंद्रों में मेटल डिटेक्टर से चैकिंग के बाद ही प्रवेश दिया गया। जैन स्कूल में बनाए गए मतगणना केंद्र में मतगणना के लिए सरकुलर रोड पर झज्जर चौक से धारूहेड़ा चुंगी व धारूहेड़ा चुंगी से झज्जर चौक के बीच भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहा। मार्ग से सिर्फ हल्के व दोपहियां वाहनों को ही प्रवेश दिया गया। मतगणना को लेकर शहर की सड़कों पर यातायात भी कम रहा।


रेवाड़ी। गर्ल्स कॉलेज में नींद लेते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

#### मोबाइल पर रिजल्ट देखते रहे पुलिसकर्मी

लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान पुलिसकर्मियों में भी रुझान जानने की काफी दिलचस्पी रही। गर्मी के कारण मतगणना केंद्र के पास की सड़क सूनीं रही। इस बीच पुलिस कर्मी मोबाइल पर उम्मीदवारों का रिजल्ट देखते नजर आए वहीं गाड़ी आने पर व्यवस्था भी संभालते रहे। मतगणना केंद्र के बाहर कई पुलिसकर्मी थककर नींद भी लेते नजर आए।

#### बाजार में रहा खरीदारों का टोटा

लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान लोग घरों व दुकानदार बजार में एलईडी पर नजरे लगाए बैठे रहे। बाजार में दिनभर सूनापन छाया रहा। बाजार में कही पर दुकानदार ग्रुप में चर्चा करते रहे तो कही मोबाइल व एलईडी स्क्रीन पर रिजल्ट देखते नजर आए।

**मतगणना कक्ष में काउंटिंग करते कर्मचारी**


**गर्ल्स कॉलेज में जायजा लेकर जाते हुए राज बब्बर**


**जैन स्कूल में बैठे पर्यवेक्षक, आरओ व एजेंट**


#### तीन विधानसभाओं में मिले वोट की स्थिति

**बावल विधानसभा**
कुल मतदाता - 155000
राव इन्द्रजीत सिंह को मिले वोट- 85903
राज बब्बर को मिले वोट- 63554
जीत का अंतर-22249


**रेवाड़ी विधान सभा**
कुल मतदाता-161836
राव इन्द्रजीत सिंह को मिले वोट- 96881
राज बब्बर को मिले वोट- 60228
जीत का अंतर-36653

**कोसली विधान सभा**
कुल मतदाता-171421
डा. अरविंद शर्मा को मिले वोट- 83420
दीपेन्द्र हुड्डा को मिले वोट- 83422
जीत का अंतर-2

## कैंटर ने मारी इनोवा को टक्कर भतीजे की मौत, चार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

नारनौल रोड पर नांधा मोड के पास सोमवार की रात एक अनियंत्रित कार ने डिवाइडर कूदकर इनोवा गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में इनोवा में सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कैंटर चालक की तलाश शुरू कर दी। नारनौल निवासी महेश गुप्ता गाड़ी से अपने बेटे देवेष गुप्ता, भाई रमेश व भतीजे रवि गुप्ता के साथ अपनी इनोवा गाड़ी में गुरूग्राम जा रहे थे। गाड़ी को मोहल्ला खरखड़ी रोड निवासी मंदीप चला रहा था। जब वह नांधा मोड़ के पास पहुंचे तो एक कैंटर गाड़ी डिवाइडर कूदकर इनोवा से टकरा गई। इससे इनोवा गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें गाड़ी से निकालना शुरू किया। इसी बीच सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने रवि गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कैंटर गाड़ी भी पलट गई। चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।


रेवाड़ी। नांधा मोड के पास इनोवा व जमा लोग। फोटो :हरिभूमि

### भतीजे ने सोये हुए चाचा पर डंडे से किया हमला

**बावल।** जमीनी विवाद को लेकर भतीजा चाचा पर हमला करके फरार हो गया। उसने अपने चाचा को जान से मारने की धमकी भी दी। गांव पनवाड़ निवासी सरजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जमीदारी का काम करता है। 2 जून की रात करीब 10 बजे अपने मकान के पास में सो रहा था तभी उसके भतीजे नरेश ने उसके पैर पर डंडा मारकर घायल कर दिया। सरजीत की ओर से शोर मचाने पर वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसके बेटे हुकम ने उसे बावल अस्पताल में भर्ती कराया। सरजीत ने बताया कि नरेश की बहन सरोज व बबली के मकान की चिनाई का काम चल रहा है, वही पर सो रहा था। नरेश ने उसके खेत में लगाई गई तार की बाड को भी टैरक्टर से तोड़ दिया। सरजीत ने बताया कि सरोज व बबली ने नरेश से अपना हिस्सा जमीन लेने के लिए रंजिश की हुई है।

### बच्चों को सही दिशा देने के लिए नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने की आवश्यकताः सिंघल


रेवाड़ी। स्वर्ण जयंती पार्क में मौजूद युवक। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** शहर के स्वर्ण जयंती पार्क में श्रीमद् भागवत गीता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षण संस्थान के निदेशक यतीश सिंघल ने बताया कि यह सत्र नवीनतम शिक्षा तकनीकों के साथ नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए है। सिंघल ने कहा कि पार्क में प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत गीता को न केवल पढ़ते है बल्कि उसको पूर्ण रूप से समझा जा रहा है। उन्होंने बताया की आज के समय में बच्चे अक्सर स्मार्टफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रभाव में अपना समय बिताते हैं, इसलिए हमें उन्हें सही दिशा में ले जाने के लिए नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने की आवश्यकता है। इस सत्र में बच्चों को न केवल श्रीमद् भागवत गीता का पाठ दिया जाएगा, बल्कि उन्हें इसके महत्व को समझाया जाएगा। यह क्लासेज छात्रों को न केवल उनके अध्ययन में सफलता प्राप्त करने में मदद करेंगी बल्कि उन्हें जीवन में सफल होने के लिए सही मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगी। यह सत्र बच्चों को जीवन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार करने और समझने के लिए प्रेरित करेगा। इस मौके पर माल्या, विपुल, ध्रुव, आरव, हिमांशु, प्रियांशु, अनिरुद्ध व चेतन मौजूद थे।

**मौसम** इस सप्ताह मौसम बना रहेगा परिवर्तनशील, तापमान में ज्यादा गिरावट की संभावना नहीं

## पारा चढ़ने से बढ़ा लू का प्रकोप, शाम को बादलों ने दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

तीन दिन तक मामूली राहत के बाद एक बार फिर हीटवेव का प्रकोप बढ़ गया। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने से लू के थपेड़ों ने लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल बनाए रखा। भारी गर्मी के के कारण जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह बार-बार मौसम में बदलाव आ सकता है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी होने की भी संभावना है, लेकिन इसस तापमाान में ज्यादा गिरावट आने के संकेत नहीं मिले हैं। लोगों को अभी कुछ दिन और भारी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मंगलवार को सुबह से आसमान साफ रहा। तेज धूप के कारण गर्म हवाओं ने दोपहर बाद तक लोगों को जमकर परेशान किया। अधिकतम तापमान तीन दिन बाद बढ़कर 45 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 29 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात एक बार फिर से गर्म होने लगी हैं। गत वर्ष की तुलना में इस बार तापमान सात डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा चल रहा है। भारी गर्मी के कारण बाजार और सड़कें दोपहर के समय सूने नजर आते हैं। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल बना रहता है। लोग सुबह और शाम के समय ही बाजार में निकलते हैं। हीटवेव का एक बार फिर से जबरदस्त प्रकोप बन गया। गत तीन दिनों से कई स्थानों पर बूंदाबांदी के बाद हीटवेव का प्रकोप कुछ हद तक कम हो गया था, लेकिन अब तापमान बढ़ने से लू का प्रकोप देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बधुवार को एक बार फिर घने बादल छाने के बाद बूंदबांदी होने की संभावना है, जिससे तापमान में कमी दर्ज की जा सकती है। एक सप्ताह तक मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।


रेवाड़ी। धूप की तपिश से सूखी पेड़ की टहनियां। फोटो :हरिभूमि

#### बादल छाने के बाद बदल गया मौसम

दोपहर बाद तक तेज धूप के बाद शाम के समय आसमान में बादल छा गए। इससे लू का प्रकोप कुछ हद तक कम हो गया। घने बादल छाने से बूंदाबांदी के आसर नजर आने लगे। इस समय किसानों को बरसात का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। किसान आसमान पर निगाहें टिकाए बैठे हैं। अच्छी बरसात होने से वह बाजरे की बिजाई कर सकते हैं। साथ ही कपास की फसल को भी बरसात से अच्छा फायदा मिल सकता है।

#### गर्मी के साथ बढ़ी बिजली की मांग

तीन-चार दिन से तापमान में कमी आने से बिजली का लोड भी कम हो गया था। ट्रांसफार्मरों के हीट होने की आशंका बनी हुई थी। मौसम का मिजाज ठंडा पड़ने से कुछ राहत मिली थी, लेकिन तापमान बढ़ने से बिजली का लोड फिर से बढ़ना शुरू हो गया है। निगम सूत्रों के अनुसार मंगलवार को लगभग 5 लाख यूनिट बिजली की खपत बढ़ गई। अभी तक जिले में लगभग 90 लाख यूनिट बिजली की आपूर्ति हो रही है।

### कंपनी से दो लाख रुपये की तांबे की वायर चोरी

**रेवाड़ी।** एचएसआईडीसी बावल के पास कंपनी से लाखों रुपये की तांबे की वायर चोरी हो गई। सेक्टर-21 रेवाड़ी निवासी रणधीर सिंह ने सिक्योरिटी सर्विस प्रोवाइड कराता है। उसने एचएसआईडीसी बावल सेक्टर-3 स्थित पार इंडस्ट्रीज में ठेका लिया हुआ है, जिसमें एक दिन व एक रात में दो गार्ड रहते है तथा कंपनी बंद है। 16 मार्च से विकास व अनूप ड्यूटी कर रहे थे। विकास 8 अप्रैल तक ड्यूटी करके चला गया। इसके बाद कंपनी स्टाफ ने वहां जाकर देखा तो चाजिंर्ग टैंक मे लगी हुई ताबें की वायर गायब थी, जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपये है। उन्होंने विकास पर शक जताते हुए कंपनी का माल बरामद कराने का आग्रह किया है। कसोला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### हत्या के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मारपीट कर हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी जसबीर सिंह उर्फ जस्सी व राहुल को गिरफ्तार किया है। कबीरनगर के रेंबो ने ने 30 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी जसबीर सिंह, राहुल व अन्य ने उसे तथा शिबू को ईंट, डंडों से मारपीट कर तलवारों से जान से मारने की नीयत से हमला कर चोट पहुंचाई। साथ ही जान से मारने की धमकी दी।

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को शामिल जांच किया है। इस मामलें में पहले गिरफ्तार आरोपी रोहित कुमार ने बतलाया कि संदीप कुमार भी इस मामले में संलप्ति है। सैन माजरा के कर्णदीप सिंह ने 9 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रोहित व अन्य ने नारायणगढ़ में उससे मारपीट कर चोटें पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी पंकज कुमार उर्फ बब्लू को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी ज्ञान सिंह ने पूछताछ में बतलाया था कि पंकज कुमार उर्फ बब्लू भी इस मामले में शामिल है। परिवादी अवतार सिंह ने कहा था कि 5 जनवरी 2021 से 28 जुलाई 2022 के दौरान आरोपी ज्ञान सिंह, स्वर्ण सिंह, कुलदीप सिंह, पंकज कुमार व आरोपित महिलाओं ने उसकी पुत्री को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने का कार्य किया है।

### मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में 3 जून 2024 को पुलिस ने आरोपी संजू उर्फ संजय को गिरफ्तार किया है। गुरदीप सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि नेशनल हाईवे-44 के पास आरोपी कैंटर चालक ने लापरवाही व तेज गति से कैन्टर चलाते हुए उसकी कार में टक्कर मारी। इस दुर्घटना में कार में सवार जसकर्ण की मौत हो गई तथा अन्य लोग घायल हो गए।

### दुर्घटना के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी हरवद्रिं सिंह को गिरफ्तार किया है। परिवादी इंतजार अली ने 31 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव मनका के पास आरोपी हरवद्रिं सिंह कार चालक ने लापरवाही व तेज गति से कार चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार कर उसे घायल कर दिया।

## रिक्त होगी मुलाना विस सीट, वरूण को 14 दिनों में विधायक पद से देना होगा त्यागपत्र

# 25 साल बाद लिया पिता की हार का बदला, 1999 में हार गए थे फूलचंद



- अंबाला लोकसभा सीट पर कांग्रेस की हुई वापसी
- 2019 में मुलाना विधानसभा हलके से विधायक बने थे वरुण
- विधायक रहते हुए लोकसभा सांसद निर्वाचित हुए वरूण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लोकसभा सीट से 15 वर्षों के बाद कांग्रेस की वापिसी हुई है। कांग्रेस के उम्मीदवार वरूण चौधरी ने भाजपा की प्रत्याशी बंतो देवी कटारिया को 47 हजार से अधिक वोटों के अंतर से पराजित किया है। नवनिर्वाचित सांसद वरूण और बंतो के अतिरिक्त अंबाला लोकसभा सीट पर शेष सभी 12 उम्मीदवार अपनी जमानत राशि भी नहीं बचा सके जबकि नोटा विकल्प के पक्ष में 6 हजार 4 सौ से करीब वोट पड़े हैं। वरूण चौधरी अक्टूबर 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में मुलाना विधानसभा हलके से कांग्रेस पार्टी के विधायक बने थे। वह कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और प्रदेश सरकार में मंत्री एवं 4 बार विधायक रह चुके फूल चंद मुलाना के बेटे हैं। विधायक रहते हुए वरूण लोकसभा सांसद निर्वाचित हैं इसलिए संविधान के अनुच्छेद 101 के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए दोहरी सदस्यता निषेध नियम, 1950 के अंतर्गत वरूण को उनकी निर्वाचन नोटिफिकेशन प्रकाशित होने के 14 दिनों के भीतर हरियाणा विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देना होगा।

### करीब 25 वर्ष पहले पिता को मिली थी हार

1999 में जब 13वी लोकसभा के गठन के लिए आम चुनाव हुए थे तब अंबाला लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर बंतो कटारिया के पति दिवंगत रतन लाल कटारिया ने अपने राजनीतिक जीवन में लोकसभा सांसद के लिए पहला चुनाव लड़ा था जबकि उनके विरूद्ध कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर वरुण के पिता फूल चंद मुलाना चुनावी मैदान में थे। उस चुनाव में रतन लाल कटारिया ने फूल चंद मुलाना को 1 लाख 24 हज़ार 478 वोटों के अंतर से हराया था। उस चुनाव में कटारिया को 3 लाख 57 हज़ार जबकि मुलाना को 2 लाख 33 हज़ार वोट प्राप्त हुए थे। 2019 में हुए 17वीं लोकसभा आम चुनाव में भाजपा के दिवंगत रतन लाल कटारिया को तब मतदान में पड़े 13 लाख 16 हज़ार 235 वोटों में से 7 लाख 46 हज़ार 508 वोट प्राप्त हुए थे अर्थात उन्हें 56.64 % वोट हासिल हुए थे। 2014 में हुए 16 वीं लोकसभा के आम चुनाव में भाजपा के रतन लाल कटारिया ने मतदान में पड़े 12 लाख 18 हज़ार 995 वोटो में से 6 लाख 12 हज़ार 121 वोट प्राप्त किए थे अर्थात उन्होंने 50.17 % वोट हासिल किए थे। उससे पहले वर्ष 2009 और 2004 में हुए लोकसभा आम चुनावो में कांग्रेसी प्रत्याशी के तौर पर सैलजा ने कटारिया को लगातार दो बार मात दी थी। वर्ष 2009 लोक सभा चुनावो में सैलजा को 37.19 % ही वोट मिले जबकि कटारिया 35.50 % वोट लेने में सफल हुए एवं सैलजा ने मात्र 14 हज़ार 570 वोटो से कटारिया को शिकस्त दी। उस चुनाव में हालांकि बसपा के चंद्र पाल भी 21.76 प्रतिशत वोट लेकर ज़मानत राशि बचा गये थे।

## गुरुओं के आशीर्वाद से मुझे विजय मिली : सैनी



करनाल। डेरा कारसेवा में मत्था टेकते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

- मुख्यमंत्री ने जीत के वाद डेरा कारसेवा में मत्था टेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीत के बाद गुरुओं का आशीर्वाद लेने के लिए डेरा कारसेवा गुरुद्वारा पहुंचे। वहां पर उन्होंने श्री गुरुग्रंथ सोहिब के आगे मत्था टेका। उन्हें पहले जीत का आशीर्वाद गुरु घरों से मिला था। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी सुमन सैनी, मेयर रेनूवाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगिंदर राणा, जगमोहन आनंद, संजय बठला रहे। उनको डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह ने आशीर्वाद दिया। डेरा कार सेवा गुरुपर्व कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह, महासचिव इंद्रपाल सिंह, एचएसजीपीसी के सह सचिव गुलाव सिंह गुरुसेवक सिंह जसविंदर सिंह ने उन्हें सिरौपा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी जीत के पीछे गुरुओं का आशीर्वाद रहा हैं। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भरपूर प्यार दिया हैं। इसके लिए वह उनको नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि वह करनाल की जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

## हादसे में घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव हवेली के पास करीब एक माह पहले अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के गांव मैनयापल निवासी सन्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मैनयापल निवासी रविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 36 वर्षीय सन्नी सात मई को बाइक पर किसी काम से आ रहा था। जब वह गांव हवेली के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। तभी से उसके भाई का इलाज अस्पताल में चल रहा था। बीती रात इलाज के दौरान उसके भाई की मौत हो गई। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### रिश्तेदार बनकर युवक से ठगे 55 हजार रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने रिश्तेदार बनकर आदर्श नगर कैंप निवासी परविंद्र कुमार से 55 हजार रुपये ठग लिए। आदर्श नगर कैंप निवासी परविंद्र कुमार ने बताया कि गत 24 अप्रैल को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने उसे कहा कि वह उसकी मासी का लड़का बोल रहा है। आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और कहा कि उसे 55 हजार रुपये की जरूरत है। वह उसे जल्द ही पैसे वापस कर देगा। उसने आरोपी द्वारा दिए गए अकाउंट में 55 हजार रुपये डलवा दिए। जब उसने अपनी मासी के लड़के से बात की तो उसने कहा कि उसने उसके पास से पैसे मांगे हैं। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

## दुबई भेजने के नाम पर छह से हड़पे 14.10 लाख

- दंपत्ति व उनकी बेटी समेत चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वर्क परमिट पर दुबई भेजने के नाम पर पांच युवकों व एक युवती से 14 लाख 10 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप मध्यप्रदेश के जिला ग्वालियर के गांव बिलौरा निवासी नीरज कुमार, उसकी पत्नी नीतिका शर्मा, बेटी महक शर्मा व आईटीआई गुरूद्वारा यमुनानगर निवासी रोहित पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। शहर की लाजपत नगर निवासी शिल्पा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि फरवरी 2020 में वह अपने दोस्त 200 क्वाटर निवासी सन्नी के साथ सिंगापुर घुमने के लिए गई थी। मार्च 2020 में लॉकडाउन लग गया। जिस पर सिंगापुर सरकार ने उन्हें कोरनटाइन के लिए अलग-अलग रूम दे दिए। जहां पर उसका दोस्त सन्नी अलग रूप में रह रहा था। वहां पर सन्नी को मध्यप्रदेश के जिला ग्वालियर के गांव बिलौरा निवासी नीरज कुमार मिला। आरोपी ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने और काम दिलवाने का काम करता है। अगर वह वर्क परमिट पर विदेश जाना चाहते हैं तो वह उनको विदेश भेजकर अच्छी कंपनी में नौकरी दिलवा देगा। मई 2020 में वह भारत वापस आ गए। जिसके बाद रोहित का सन्नी के पास फोन आया। आरोपी ने उन दोनों को वर्क परमिट पर दुबई भेजकर कंपनी में नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। आरोपी ने उनसे प्रति व्यक्ति दो लाख 35 हजार रुपये मांगे। आरोपी ने उन्हें दो साल का वर्क वीजा भेज दिया। जिसमें आरोपी ने अपनी बेटी महक को कैंप इंचार्ज, सन्नी को कैंप इंचार्ज व उसे वीपीसी हैड बनाया हुआ था। इसके बाद आरोपी ने उसे रोहित से मिलवाया। उन्होंने आरोपी पर विश्वास करके रोहित को दो लाख 35 हजार रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से पैसे दे दिए। इसके बाद आरोपी ने उन्हें कहा कि अगर उनका कोई दोस्त दुबई जाना चाहता है तो वह उन्हें भी दुबई भेज सकता है। इस प्रकार उसके दोस्त सन्नी ने आरोपी से अपने दोस्त अंबाला निवासी गौरव जोहरिया, शहजादपुर निवासी अमनदीप सिंह, राजपुरा पंजाब निवासी हरप्रीत सिंह व यमुनानगर निवासी धर्मेंद्र कुमार से बात की तो वह दुबई जाने के लिए राजी हो गए। आरोपी ने कुछ दिन बाद उनके भी दो साल का वर्क वीजा भेज दिया और उसने भी प्रति व्यक्ति दो लाख 35 हजार रुपये ले लिए। काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उन्हें दुबई नहीं भेजा। जब उसने वीजा की जांच की तो वह फर्जी मिले। जांच के दौरान उन्हें पता चला कि आरोपियों ने एक गिरोह बनाया हुआ है। जो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर पैसे ऐंठते हैं। उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## तेज आंधी से कई स्थानों पर गिरे पेड़ और खंभे

- कई गांवों में बिजली गुल रहने से परेशान हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। नपा रादौर के कार्यालय परिसर में आंधी से उखड़कर गिरा पेड़।

सोमवार रात को आई तेज आंधी व तूफान के कारण रादौर क्षेत्र में कई जगह पेड़ व खंभे उखड़कर सड़कों पर गिर पड़े। जिस कारण यातायात कई स्थानों पर प्रभावित हुआ। वहीं खंबे गिरने से क्षेत्र में बिजली गुल रही। जिस कारण बहुत से गांवों में बिजली की सप्लाई प्रभावित हुई। जिससे रादौर पावर हाउस से चल रहे 28 फीडरों में से 15 फीडर प्रभावित हुए।

मंगलवार को दिनभर बिजली कर्मचारी खेतों में टूटे खंभों व लाइनों को ठीक करने में लगे रहे। देर शाम तक ट्यूबवेल के 4 फीडर करतारपुर, नाचरौन, जुब्बल व बकाना शुरू नहीं हो पाये थे। बड़ी संख्या में खंभे टूटने से निगम को भारी नुकसान हुआ है। रादौर में बिजली की तारों पर पेड़ गिरने से घंटों बिजली की सप्लाई प्रभावित हुई। देर रात तक बिजली कर्मचारी बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करने में लगे रहे। लगभग 12 बजे रादौर में बिजली की सप्लाई बहाल हुई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। आंधी व तूफान के कारण नगरपालिका कार्यालय में खड़ा जामुन का पेड़ भी उखड़कर गिर पड़ा। सौभाग्य से जब पेड़ गिरा तो आसपास कोई नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

इसके अलावा गांव अलाहर में जयपुर रोड पर 2 खंभे आंधी के कारण टूटकर सड़क पर गिर गए। जिससे सड़क मार्ग अवरूद्ध हो गया। वहीं गांव में बिजली की समस्या होने से ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग के कर्मचारी टूटे खंभों की मुरम्मत पर पूरा दिन व्यस्त देखे गए। रादौर शहर में सड़क किनारे व आंगन में लगे बड़े-बड़े पेड़ के टहने टूटकर गिर गए। गनीमत रही कि जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। वहीं आंधी के बाद बारिश होने से तापमान में गिरावट होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

### बैंक में आए व्यक्ति की जेब से 30 हजार चोरी

**यमुनानगर।** बिलासपुर के पीएनबी बैंक में पासबुक पर एंट्री करवा रहे गांव बसातियावाला निवासी कुरडिया राम की जेब से चोरों ने 30 हजार रुपये चोरी कर लिए। गांव बसातियावाला निवासी कुरडिया राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बिलासपुर के पीएनबी बैंक में अकाउंट है। तीन जून को उसे पैसों की जरूरत थी। वह बैंक में पैसे निकलवाने के लिए आया। उसने अपने अकाउंट से 30 हजार रुपये निकलवाए। इसके बाद वह पासबुक में एंट्री करवाने के लिए लाइन में खड़ा हो गया। कुछ देर बाद जब उसने अपनी जेब को चैक किया तो उसकी जेब से 30 हजार रुपये गायब थे। उसने पैसे चोरी होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## छीनाझपटी के दोषी नाबालिग को भेजा बाल सुधार गृह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने छीनाझपटी मामले में एक नाबालिग आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने छीनाझपटी करने के आरोपी भगवानपुरा सासा जिला पटियाला पंजाब वासी एक नाबालिग को अभिरक्षा मे लेने मे सफलता हासिल की है। थाना झांसा एरिया वासी महिला ने बताया कि दोपहर को करीब 2.30 बजे वह अपनी देवरानी के साथ मारकण्डा नदी के पास अपनी अपने खेत मे लहसुन फाड रही थी। उसी समय बिना नम्बर की एक कार उनके खेत के पास रुकी और तीन नौजवान लडके व एक औरत उनके पास आए और पेहवा का रास्ता पूछने लगे। उन दोनो को अपनी बातो में उलझा लिया और दोनो लड़कों ने उन दोनो के कान की बाली निकाल ली और मौका से कार में बैठकर भाग गये। पुलिस ने छीनाझपटी करने के आरोप में को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पटियाला वासी महिला जसप्रीत कौर, गौरव गीर पुत्र निर्मल गीर वासी चना झुल्का पंजाब व अजय जगसीर राम वासी ससा जिला पटियाला पंजाब को माननीय अदालत बिलासपुर हिमाचल प्रदेश से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार कर लिया था।

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को शामिल जांच किया है। इस मामलें में पहले गिरफ्तार आरोपी रोहित कुमार ने बतलाया कि संदीप कुमार भी इस मामले में संलप्ति है। सैन माजरा के कर्णदीप सिंह ने 9 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रोहित व अन्य ने नारायणगढ़ में उससे मारपीट कर चोटें पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## तैराकी में दो छात्रों ने मारी बाजी

**अंबाला।** हरियाणा राज्यफिन तैराकी चैंपियनशिप फिजिकल एजूकेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, भारत सरकार की ओर से आयोजित की गई। इसमें मुरलीधर डीएवी पब्लिक विद्यालय के छात्रों ने दो स्वर्ण पदक जूनियर सी में व जूनियर बी में रिले (लड़के) ने प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर आर आर सूरी ने विजेता छात्रों को बहुत-बहुत बधाई दी। भविष्य में भी ऐसे ही सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी व साथ ही विद्यालय के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श सुरेश कॉल व स्पोर्ट्स अध्यापक श्री स्वर्ण लाल को भी बधाई दी।



अंबाला। तैराकी प्रतियोगिता में बाजी मारने वाले छात्र।

## कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी पंकज कुमार उर्फ बब्लू को गिरफ्तार किया है। इस मामलें पहले गिरफ्तार आरोपी ज्ञान सिंह ने दौराने पूछताछ बतलाया था कि पंकज कुमार उर्फ बब्लू भी इस मामले में संलप्ति है। परिवादी अवतार सिंह ने 23 अगस्त 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 जनवरी 2021 से 28 जुलाई 2022 के दौरान आरोपी ज्ञान सिंह, स्वर्ण सिंह, कुलदीप सिंह, पंकज कुमार व आरोपित महिलाओं ने उसकी पुत्री को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अवैध निर्माणों के काटे जाएंगे बिजली कनेक्शन

# बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड करेगा निगम

- नोटिस मिलने पर पहली बार निगम अफसरों ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड यानि बीबीएमबी की ओर से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को दिए गए नोटिस पर पहली बार खतरे को भांपते हुए बिजली निगम के अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। अब हाईटेंशन लाइनों के नीचे बिछी बिजली निगम की लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाएगा और जो अवैध निर्माण हाईटेंशन लाइन के नीचे हो रहे हैं, बिजली निगम उनके कनेक्शन रद करेगा।

इस संबंध में बीबीएमबी ने बिजली निगम की टीम को साथ लेकर एक संयुक्त सर्वे भी किया। जिसमें पानीपत से गुजरने वाली 220 केवी सिंगल सर्किट कुरुक्षेत्र पानीपत लाइन के नीचे चंदौली गांव में आने वाले फीडरों की जांच की। वही, जांच में पाया गया कि बिजली निगम की फीडरों की वजह से भी लाइन ट्रिप हुई। इस पर निगम अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे अपने फीडरों की लाइन को उचित दूरी से निकालेंगे ताकि उनकी 11 केवी की लाइन 220 केवी की लाइन के संपर्क में न आ सके। इसके अलावा अधिकारियों ने हाईटेंशन लाइन के नीचे निमार्णाधीन इमारतों का भी दौरा किया गया। जिसमें नूरवाला, बरसत रोड, गैस गोदाम रोड के पास हाईटेंशन लाइन का निरीक्षण किया गया और इसके नीचे अवैध निर्माणों की सूची तैयार की गई। जिनको बिजली निगम ने भी बिजली के कनेक्शन जारी कर दिए थे। इस सर्वे पर बीबीएमबी ने बिजली निगम को नोटिस जारी करते हुए कहा कि लाइनों के नीचे दिए गए ये कनेक्शन रद्द किए जाएं ताकि यहां कोई बड़ा हादसा न हो सके। संयुक्त टीम ने सात अवैध निमार्णों को दिए गए बिजली कनेक्शन की सूची बिजली निगम को कार्रवाई के लिए सौंप दी है। स्मरणीय है कि बीबीएमबी की बड़ी लाइनें प्रदेश के कई जिलों से होकर गुजरती हैं और बिजली सप्लाई करती हैं। इनके वोल्टेज काफी ज्यादा होते हैं, जिनके संपर्क में आने से बड़े हादसे तो होते ही हैं साथ में बिजली भी गुल हो जाती है। बीबीएमबी का कहना है कि ये गलती बिजली निगम और डीटीपी की वजह से होती है।

#### बीबीएमबी की लाइनों की ऊंचाई कम

बिजली निगम के अधिकारियों का मानना है कि बीबीएमबी की लाइनों की ऊंचाई पहले से ही कम है। इनके नीचे उनकी लाइनें 9 से 11 मीटर के पोल पर होती हैं। अगर इनको नीचे किया गया तो ये आम जन के लिए नुकसान दायक साबित हो सकती हैं। इसलिए इनको अंडरग्रांउड करने का ही विकल्प बचता है। जिसे कराया जाएगा। इधर, सब अर्बन डिवीजन पानीपत के कार्यकारी अभियंता आदित्य कुंडू ने बताया कि बिजली निगम की 11 केवी लाइनों की ऊंचाई को कम नहीं किया जा सकता। इससे जान माल का खतरा बन सकता है।

### युवक ने किशोरी को शादी का झांसा देकर किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर की कैंप कॉलोनी से एक युवक 12 वर्षीय लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कैंप कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 12 वर्षीय लड़की दो जून को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उसे मालूम हुआ कि उसकी लड़की को लक्ष्मी नगर कैंप निवासी अभिषेक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

- अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी किया
- अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दे ब्लैकमेल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



जिला अतिरिक्त एवं सत्र न्यायालय (फास्ट ट्रैक कोर्ट, पास्को) के न्यायधीश सुखप्रीत सिंह ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी रितेश कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी गांव देहरा जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं एएसजे सिंह की कोर्ट ने रितेश पर 50 हजार रूपये जुर्माना किया, जुर्माना नहीं देने पर दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

### यह है मामला

थाना मॉडल टाउन पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्र को रितेश कुमार ने हथियार के बल पर डराया धमकाया और उसे किराये के कमरे पर ले गया। वहां रितेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया। रितेश ने उनकी पुत्री के अश्लील फोटो ले लिए और इन्हें सोशल मिडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर उसे ब्लैक मेल कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। आरोपी ने लडकी को बंदुक दिखा कर उसके परिवार की हत्या करने की धमकी दी। इधर, महिला की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने रितेश के खिलाफ सात सितंबर सन-2019 को आईपीसी की धारा 354-ए, 376, 506, 6 पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। अदालत ने रितेश को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वही, एएसजे सुखप्रीत सिंह की कोर्ट ने लडकी व अन्य गवाहों की गवाही सुनने व पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर रितेश को सजा दी है।

खबर संक्षेप

## सड़क हादसे में एक की मौत, महिला घायल

**महेंद्रगढ़।** गांव बांस में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भतीजे जसवंत सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव खुडाना का निवासी हैं तथा मिस्त्री का काम करता हैं। दो जून को चाचा लालचंद अपनी मोटर साइकिल पर अपनी पत्नि कविता देवी को बैठाकर गांव चांगरोड से खुड़ाना आ रहा था। मोटर साइकिल चाचा लालचंद चला रहा था। वह गांव बांस से थोड़ा आगे चलकर आकोदा की तरफ पहुंचे तो सड़क पर एक ट्राला के चालक ने अपने ट्राले को सड़क पर गफलत वा लापरवाही से खड़ा किया हुआ था। चाचा लालचंद की मोटर साइकिल खडे.ट्राले में पीछे से टक्कर जा लगी, उसी चाचा इंद्र सिंह मौके पर पहुंच गया और लालचंद व कविता देवी को अस्पताल में लेकर आया। सरकारी अस्पताल लालचंद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया व कविता देवी का एक निजी अस्पताल में इलाज करवाया। वह भी घटना के कुछ देर बाद मौके पर पहुंच गया था।

### जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई

# जिले में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई लोकसभा चुनाव मतगणना प्रक्रिया

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न होने पर सभी का जताया आभार


रेवाड़ी। मतगणना कक्ष में मौजूद पर्यवेक्षक व एसडीएम विकास यादव।


रेवाड़ी। रेवाड़ी। मतगणना केंद्र में मौजूद काउंटिंग स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में मंगलवार को 18वें लोकसभा आम चुनाव की मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन की ओर से मतगणना प्रक्रिया की प्रभावी रूप से मॉनिटरिंग की जा रही थी। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा व एसपी शशांक कुमार सावन स्वयं मतगणना से संबंधित हर गतिविधि पर पैनी नजरें रखे हुए थे तथा पल=पल की अपडेट ले रहे थे। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से रेवाड़ी व बावल विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए नियुक्त किए गए मतगणना पर्यवेक्षक गुजरात कैडर के अधिकारी इंद्रजीत वाला तथा कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए नियुक्त राजस्थान कैडर के अधिकारी अरुण कुमार हसीजा भी मौजूद थे। डीसी ने निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न होने पर सभी का आभार जताया है। काउंटिंग टीम ने डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी मतगणना संपन्न कराने के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र रेवाड़ी, बावल व कोसली की मतगणना ठीक सुबह 8 बजे शुरू हुई। गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-18 तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना जैन पब्लिक स्कूल में हुई। डीसी ने बताया कि बावल विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती 19 राउंड, रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती 18 राउंड तथा कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 14 राउंड में पूरी की गई। एआरओ एवं एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव, एआरओ एवं एसडीएम बावल मनोज कुमार व एआरओ एवं एसडीएम कोसली उदय सिंह ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में सजगता व सतर्कता से मॉनिटरिंग की।

## राव की जीत पर समर्थकों ने लड्डू बांटकर मनाया जश्न



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में लड्डू बांटते राव समर्थक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

गुरुग्राम लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के साथ कांटे की टक्कर में जीते भाजपा प्रत्याशी राव इन्द्रजीत सिंह के समर्थकों में खुशी की लहर आ गई। राव इन्द्रजीत की जीत पर समर्थकों ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। राव ने अपने प्रतिद्वंदी राज बब्बर को हराकर अपनी जीत हासिल की है। जीत की खुशी में नगर पालिका अध्यक्ष कंवर सिंह यादव, अशोक कोसलिया, उप प्रधान अजय जांगिड़ ने लड्डू बांटे।

### श्रद्धालुओं ने की भगवान शिव की आराधना

**रेवाड़।** मंगलवार को श्रद्धालुओं ने प्रदोष व्रत रखकर पूरे विधि-विधान के अनुसार देवों के देव महादेव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना भी की। नित्य कार्यों से निवृत होकर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दूध-दही, घी, शहद, गंगाजल आदि से अभिषेक किया। प्रदोष व्रत का धार्मिक दृष्टि से बड़ा ही महत्व है। कहा जाता है कि प्रदोष व्रत करने से भगवान भोलेनाथ भक्तों पर बड़े प्रसन्न होते हैं। भक्तों पर भोलेनाथ की असीम कृपा होती है। कहा जाता है कि जो भी भक्त प्रदोष व्रत की कथा का पाठ करते हैं, उनको भोलेनाथ मनचाहा वरदान देते हैं। यह व्रत भगवान शिव को समर्पित है। यह कहा जाता है कि प्रदोष व्रत पर भगवान शिव, देवी पार्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय और नंदी की पूजा अर्चना की। जो श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा करते हैं, उन्हें स्वास्थ्य, धन, समृद्ध और शांतिपूर्ण जीवन का आशीर्वाद मिलता है।

## पुरानी अनाजमंडी शनि मंदिर में मनाया श्रीशनि देव जन्मोत्सव



**चरखी दादरी।** श्रीबालाजी सेवा संस्थान द्वारा आगामी छह जून को पुरानी अनाज मंडी बैक साइड शनि मंदिर में श्रीशनि देव जन्मोत्सव पर भव्य भजन संध्या के दौरान मनोज अलरिया रोहतक खुशबू, भिवानी कृष्ण कुमार मित्तल एवं हरीश गर्ग, दिनेश मित्तल, पवन गोयल आदि कलाकार भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी शहर के प्रधान उमेद सिंह प्रजापति श्रीबालाजी महाराज का छूछक अर्पण करेंगे। जानकारी कार्यक्रम का निमंत्रण संतों, विद्वानों को देते हुए रोहताश शर्मा ने दी व बताया कि आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि भव्य भजन संध्या में महामंडलेश्वर रितु सिद्धेश्वरी जयपुर एवं राजस्थान के मेहंदीपुर धाम से संत शिरोमणि स्वामी योगीराज महाराज विशेष रूप से उपस्थित होंगे। अतिथि के तौर पर प्रमुख समाजसेवी उदयसिंह सांगवान पूर्व सरपंच मिर्च एवं रवि गर्ग बधवानियां शिरकत करेंगे। कुलदीप फौजी एवं शिव शंभू सेवा दल के प्रधान पीतांबर गर्ग भंडारी ने बताया कि भव्य भजन संध्या की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। आयोजन में क्षेत्र की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा सेवाएं दी जाएगी। कार्यक्रम में चर्चिल गुप्ता, दिनेश मित्तल, अजीत सेन, संदीप कुमार, करण सिंह सोनी, जगन्नाथ, राजेश, कृष्ण, प्रवीण जांगड़ा, सुधीर जांगड़ा एवं अनेक संस्थाओं के सदस्य का विशेष योगदान रहेगा।

## शहीद किसान योद्धा खरेटा की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


गो किसान समृद्धि ट्रस्ट टीम खावा के पदाधिकारियों ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

भिवानी। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते आयोजक समिति। फोटो :हरिभूमि

शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की पहली पुण्यतिथि पर पांच जून को ग्राम स्वराज किसान मोर्चा द्वारा संचालित गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट द्वारा गांव खावा स्थित शहीद मंगल सिंह खरेटा समाधि स्थल व किसान भवन पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर के अलावा पौधरोपण के अभियान का आगाज किया जाएगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने मंगलवार को मोर्चा ने गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट की टीम खावा के पहुंचे। इस दौरान मोर्चा के प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह गोदारा, प्रदेश अध्यक्ष होशियार सिंह सांगवान, युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर खरेटा आदि सदस्य मौजूद रहे। युद्धवीर खरेटा ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्यतिथि पदमश्री अवॉर्डी बजरंग पुनिया, गोल्ड मेडलिस्ट पहलवान साक्षी मलिक व विनेश फौगाट शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में किसान यूनियन के गायकार ईश्वर छातर, क्रांतिकारी महिला गायकार मिस राकेश श्योराण, खावा से सोमबीर ढुल, भाकियू के भजनी गायकार व मोहनलाल शर्मा हांस्य कलाकार संदीप सिंगल भी पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह ने किसान व जनहित में संघर्ष करते हुए अपना जीवन पूरा किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान, महापौधरोपण अभियान के अलावा अन्य सामाजिक कार्यक्रमों का भी आगाज किया जाएगा, जिसका फायदा आमजन को मिल सकें।

## ट्रक व ट्राले की भिड़ंत, ट्राले में आग लगने के बाद झुलसे चालक की मौत

**मंडी अटेली।** रेवाड़ी-जैसलमेर हाइवे पर पाड़ला के समीप सोमवार सुबह ट्रक व ट्राले की भिड़ंत से ट्राले में आग लगने से चालक की मौत हो गई। जले हुए चालक की पहचान राजस्थान पावटा थाना के गांव घीलोठ के रूप में पहचान हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त मार्ग पर ट्राला चालक रेवाड़ी की तरफ से नारनौल की ओर जा रहा था। तभी ट्राला-ट्रक से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आग बेकाबू हो गई। ट्राला सीएनजी होने के कारण आग को जल्दी पकड़ लिया। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उस समय तक आग बेकाबू हो गई थी। मौके पर फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन उस समय तक चालक बुरी तरह झूलस गया। जानकारी के अनुसार चालक का अधजला शव ट्राले से निकाला गया। उसके पहचान पत्र भी जल कर राख हो गए। दोपहर बाद उसकी पहचान राजस्थान के पावटा थाना के गांव घीलोठ निवासी सुभाष पुत्र श्योकरण के रूप में पहचान हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना प्रेषित कर दी है, जिनके आने के पश्चात आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पंप ऑपरेटर की मौत

नारनौल। गांव नियाजलीपुर में बूस्टिंग स्टेशन पर कार्यरत पंप ऑपरेटर करीब 27 वर्षीय सुरेश कुमार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने उपरांत नागरिक अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दिए बयान में ईश्वर सिंह वासी गांव नियाजलीपुर ने बताया कि उसने परचून की दुकान कर रखी है तथा वह दो भाई हैं। बड़ा वह खुद ईश्वर सिंह तथा छोटा भाई सुरेश है। सुरेश वाटर सप्लाई की मोटर चलाने गया था, जो बिजली न होने के कारण प्रातः करीब 11:30 बजे वाटर सप्लाई से निकलकर वापस अपने घर जा रहा था। जब वह मेन सड़क पर था, तब अज्ञात वाहन ने उसके भाई सुरेश को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया तथा उसके मुंह, छाती, पेट, सिर एवं हाथ-पैरों पर काफी चोटें लगी। गांव की औरतों ने उन्हें एक्सीडेंट की जानकारी दी, जिस पर वह अपने भाई सुरेश को प्राइवेट साधन से ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल नारनौल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भीषण गर्मी के चलते पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

हल्का बवानी खेड़ा व इसके आसपास के एरिया में पिछले एक माह से पड़ रही भीषण गर्मी के चलते दुधारू पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है और इसमें करीब 30 फीसदी तक की कमी आ गई है। क्षेत्र के पशुपालकों का कहना है कि दिन प्रतिदिन पड़ रही भयंकर गर्मी और लू के चलते जो पशु पहले प्रतिदिन 15 लीटर दूध देता था वो इस समय 7 से 8 लीटर दूध ही दे पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के पास पशुओं को नहलाने या छप्पर में बांधने के अतिरिक्त कोई दूसरा चारा भी नहीं है। ऊपर से हरे चारे की कमी के कारण दूध का उत्पादन दिन.प्रतिदिन घटता ही जा रहा है। दूध के उत्पादन में कमी और समारोहों में मांग के कारण दूध और उससे बने उत्पादों की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। यहां गाय का दूध 40 से 50 व भैंस का 60 से 65 रुपये प्रति लीटर के भाव बेचा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की शान कही जाने वाली लस्सी.रबड़ी की भी भारी कमी चल रही है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि गर्मी के इस मौसम को देखते हुए दूध से बनने वाले मावे आदि पर रोक लगाई जाए ताकि आम आदमी को दूध की किल्लत से कुछ राहत मिल सके। हालांकि क्षेत्र में दर्जनों दुग्ध कमेटिया हैं जहां से मिल्क प्लांट को दूध जाता है। यहां पहले सैंकड़ों क्विंटल दुग्ध सप्लाई होता था और अब यह घटकर काफी कम हो रहा है। यहां हर चौथे पांचवें घर में दुधारू पशु दिखाई देते हैं। जहां क्षेत्र में हजारों क्विंटल दूध का उत्पादन होता है।

**यह करें बचाव के उपाय**

गर्मी से बचाव के लिए पशु को छायादार स्थान में बांधना चाहिए। पशु बांधने की जगह पर इन दिनों पंखे व कूलर लगाए जा सकते हैं। घर के प्रांगण में छायादार वृक्ष लगाने से भी आसपास का वातावरण ठंडा रहता है। पशुओं को सुबह.शाम ठंडे पानी से नहलाना चाहिए तथा चार.पांच बार उन्हें पानी पिलाना चाहिए। यदि फिर भी पशु गर्मी के लक्षण या हीट स्ट्रोक से ग्रस्त होता है तो उसे इंजेक्शन द्वारा तीन.चार लीटर ग्लूकोज दिया जा सकता है। यदि बुखार हो तो उसे कम करने के लिए दवाइयां दी जा सकती है। गांव में रहने वाले पशुपालक अपने पशुओं को दोनों समय जोहड़ में ले जा सकते हैं। यदि पशु अधिक बीमार दिखाई दे तो अपने नजदीकी पशु अस्पताल या डिस्पेंसरी में उसका इलाज करवाना चाहिए।

### क्या कहते है पशु चिकित्सक

पशु चिकित्सा सर्जन विनोद सिवाच के अनुसार गर्मी में पशुओं में तनाव बढ़ जाता है। इस मौसम में पशुपालकों को चाहिए कि वे हरा चारा डालेंए पशुओं को गुड़ व पानी का घोल पिलाएं, बार.बार नहलाएं तथा छाया में बांधें। इसके अतिरिक्त कैल्शियम व मिनरल मिक्सचर भी दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पशुओं में अति उच्च तापमान के कारण दुग्ध उत्पादन में काफी कमी आ जाती है। वहीं गर्मी के मौसम में पशुओं की शारीरिक परेशानियां भी बढ़ जाती है। भैसों व संकर नस्ल की गायों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। भैंस का काला रंग सूर्य की किरणों को तुरंत ग्रहण कर लेता है।



## गांव बीरन में मिली एक अधेड़ व्यक्ति की लाश से फैली सनसनी

**तोशाम।** गांव बीरन में एक कच्चे रास्ते पर एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। व्यक्ति की पहचान बीरन निवासी महेंद्र के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की मां सुरता देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 51 वर्षिय बेटा महेंद्र सुबह पक्षी व आवारा पशुओं को दाना व रोटियां लेकर गया था।

किसी ग्रामीण ने पुलिस कप इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की तो शव की पहचान गांव बीरन निवासी 51 वर्षिय महेंद्र के रूप में हुई। मृतक के शरीर काफी चोट के निशान थे। हाथ व पेर टूटे हुए थे। सिर में भी काफी चोट थी। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस बारे में जांच अधिकारी रणबीर सिंह ने बताया की मृतक की मां की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया।

### जेसीआई के कार्यक्रम में प्रदेश से 60 बच्चों ने लिया भाग

# कार्यक्रम में बच्चों को दिखाई भविष्य की दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व जेसीआई के पदाधिकार ी। फोटो : हरिभूमि

युवाओं के स्वर्णिम भविष्य की दिशा तय करने के उद्देश्य से हांसी गेट स्थित रेस्तरां में जेसीआई भिवानी ब्लॉसम द्वारा दो दिवसीय दिशा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से 9वीं से 12वीं कक्षा तक के करीबन 60 बच्चों ने भाग लिया, जिनके रहने-खाने का प्रबंध भी जेसीआई भिवानी ब्लोसम ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके की। दिशा कार्यक्रम में जेडवीपी राजेश रहलान ने बतौर चेयरमैन बच्चों को उनके भविष्य संबंधी जरूरी टिप्स दिए। कार्यक्रम में पायलेट निधि गर्ग, को-पायलेट संजय धवन व संजीव पुंडीर ने बच्चों की रूचि विषय चुनने के लिए प्रेरित किया। जेडपी जतिन सिंगला, जेडवीपी मनीष सिंगला, लेडी जेडडी डिंपल गोयल ने भी बच्चों को संबोधित किया। जेसीआई की प्रधान श्वेता मित्तल ने बताया कि युवाओं के भविष्य को नई पहचान व उड़ान देने के लिए दो दिवसीय दिशा कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि 10वीं व 12वीं के बाद बच्चों को समझ नहीं आता है कि उन्हेंकौन सा विषय चुनना चाहिए तथा बच्चें जल्दबादी या मार्गदर्शन के अभाव में अपनी रूचि के विपरीत विषयों का चयन कर लेते है, जिसका खामियाजा जीवनभर भुगतना पड़ता है। इस अवसर पर सीमा अग्रवाल, दीपिका जैन, शगुन, रीतू गुप्ता, मनीषा, रीतू, सारिका अग्रवाल, किरण सिगला, मीनाक्षी शर्मा, संगीता महतानी सहित अन्य गणमान्य लोग व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पदक विजेता खिलाड़ी यौरव का स्वागत

- यौरव ने ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट में जीता एक गोल्ड व एक सिल्वर पदक
- यौरव ने दो पदक जीतकर भिवानी को एक बार फिर से किया गौरवांवित : कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। पदक विजेता खिलाड़ी यौरव का स्वागत करते साथी खिलाड़ी व अन्य खेलप्रेमी।

खेल नगरी की माटी में कुछ खास बात है, जो यहां के खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भिवानी को गौरवांवित करने से नहीं चूकते। इसी कड़ी में अब 26 मई से 2 जून तक जींद में हुई ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट की अंडर-14 आयुवर्ग में महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय में एक्सट्रीम टेनिस अकादमी के खिलाड़ी यौरव सहरावत ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा यौरव ने चैंपियनशिप की डबलस प्रतियोगिता में भी सिल्वर पदक हासिल किया। पदक विजेता खिलाड़ी यौरव का मंगलवार को अकादमी में पहुंचने पर खेलप्रेमियों ने भव्य स्वागत किया। यौरव के कोच शैलिंद्र सिंह ने बताया कि ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट की अंडर-14 आयुवर्ग में यौरव ने पंजाब के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक तो चैंपियनशिप की डबलस प्रतियोगिता में जपनीत के साथ सहयोगी के रूप में यौरव ने सिल्वर पदक हासिल कर खेल नगरी भिवानी एक बार फिर से गौरवांवित किया है। यौरव इससे पहले भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर बता चुके कि भिवानी के खिलाड़ी खेल स्पर्धा में किसी से पीछे नहीं है। इस अवसर पर अनुभूति सिंह, इनायत, आलोक, तेजस, तन्नु, प्रिया, रौनक, सार्थक, दक्ष, दीपेंद्र, सैल, यशवीर व आकाश आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं बने सिंह पुत्र श्री रामस्वरूप निवासी गांव छव्वा तह कोसली जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा अविवाहित पुत्र कमल सिंह मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करता है। मैं अपने पुत्र कमल सिंह को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। यदि कोई व्यक्ति उससे किसी प्रकार का लेन-देन अथवा व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक की मौत, महिला घायल

**महेंद्रगढ़।** गांव बांस में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भतीजे जसवंत सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव खुडाना का निवासी हैं तथा मिस्त्री का काम करता हैं। दो जून को चाचा लालचंद अपनी मोटर साइकिल पर अपनी पत्नि कविता देवी को बैठाकर गांव चांगरोड से खुड़ाना आ रहा था। मोटर साइकिल चाचा लालचंद चला रहा था। वह गांव बांस से थोड़ा आगे चलकर आकोदा की तरफ पहुंचे तो सड़क पर एक ट्राला के चालक ने अपने ट्राले को सड़क पर गफलत वा लापरवाही से खड़ा किया हुआ था। चाचा लालचंद की मोटर साइकिल खडे.ट्राले में पीछे से टक्कर जा लगी, उसी चाचा इंद्र सिंह मौके पर पहुंच गया और लालचंद व कविता देवी को अस्पताल में लेकर आया। सरकारी अस्पताल लालचंद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया व कविता देवी का एक निजी अस्पताल में इलाज करवाया। वह भी घटना के कुछ देर बाद मौके पर पहुंच गया था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पंप ऑपरेटर की मौत

**नारनौल।** गांव नियाजलीपुर में बूस्टिंग स्टेशन पर कार्यरत पंप ऑपरेटर करीब 27 वर्षीय सुरेश कुमार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने उपरांत नागरिक अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दिए बयान में ईश्वर सिंह वासी गांव नियाजलीपुर ने बताया कि उसने परचून की दुकान कर रखी है तथा वह दो भाई हैं। बड़ा वह खुद ईश्वर सिंह तथा छोटा भाई सुरेश है। सुरेश वाटर सप्लाई की मोटर चलाने गया था, जो बिजली न होने के कारण प्रातः करीब 11:30 बजे वाटर सप्लाई से निकलकर वापस अपने घर जा रहा था। जब वह मेन सड़क पर था, तब अज्ञात वाहन ने उसके भाई सुरेश को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया तथा उसके मुंह, छाती, पेट, सिर एवं हाथ-पैरों पर काफी चोटें लगी। गांव की औरतों ने उन्हें एक्सीडेंट की जानकारी दी, जिस पर वह अपने भाई सुरेश को प्राइवेट साधन से ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल नारनौल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ब्रह्मालीन मुरलीनाथ डेरे में भंडारे शुरू

**भिवानी।** ब्रह्मलीन मुरलीनाथ महाराज डेरा साहुवास के महंत बाबा जालिमदास महाराज के सानिध्य में श्रीअन्नपूर्णा सेवा की तरफ से प्रत्येक मंगलवार को शुरू किए भंडारे की कड़ी में चार जून को गृह विश्राम स्थित हनुमान मंदिर में हनुमानजी महाराज को प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया। सर्वप्रथम भगवान हनुमान की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया। भंडारा कार्यक्रम सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक चलता रहा, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भोजन व ठंडे पानी की व्यवस्था नितिन आहूजा व शशी वर्मा की तरफ से की गई। विनोद कायत व मुकेश चिमनीवाले ने बताया कि हनुमान मंदिर में क्षेत्र के लोगों की भरपूर आस्था है, जो लोग सच्चे मन से हनुमान की पूजा अर्चना करते हुए मन्नत मांगते है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक हुई चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव सिगड़ी में गली के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस थाने में शिकायत देकर बाइक की तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रदीप ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव सिगड़ी राजपूत का निवासी हैं। बीती दो जून को शाम के समय अपने चाचा कृष्ण सिंह की बाइक को अपने घर के बाहर गली में खड़ी की थी। सुबह उठकर देखा तो वहां पर बाइक नहीं मिली। रात के समय कोई अज्ञात व्यक्ति बाइक को चोरी करके ले गया।

## रेवाड़ी-सोहना-पलवल हाइवे-919 पर एक तरफा सड़क से आवागमन कर रहे वाहन चालक

# मानसून आने पर धारूहेड़ा में फिर पैदा हो सकती है दूषित पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

रेवाड़ी-सोहना हादवे नंबर 919 पर धारूहेड़ा व भिवाड़ी की सीमा में जमा दूषित पानी से लोग परेशान है। इस मार्ग से निकलना वाहन चालकों के लिए लंबे समय से चुनौती बना हुआ है। पिछले दिनों सीमा में दूषित पानी आने पर एक तरफा सड़क पर मिट्टी डालकर अवेराधक बना दिया गया। मानसून आने में अब थोड़ा समय ही शेष रह गया है।

बरसात के आने पर धारूहेड़ा वासियों को एक बार फिर से राजस्थान भिवाड़ी के दूषित पानी के जलभराव से जूझना पड़ेगा। इतने लंबे समय के बाद भी भिवाड़ी के दूषित पानी की समस्या का पूर्णतया समाधान नहीं हो पाया है। धारूहेड़ा में हरियाणा बार्डर पर जिला प्रशासन ने 4 फीट ऊंचा ब्रेकर बना कर अपना काम पूरा कर लिया तथा भिवाड़ी प्रशासन ने पानी को रोकने के लिए मिट्टी का बांध बना दिया, जिससे रेवाड़ी-सोहना हाइवे नंबर 919 का एक तरफा मार्ग लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है।

आगामी बरसात के समय दूषित पानी रोकने के लिए डाली गई मिट्टी के बहने से फिर से जलभराव की समस्या उत्पन्न होने वाली है।





रेवाड़ी। मिट्टी अवरोधक डालने पर खाली पड़ा एक तरफा मार्ग, अवरोधक के दूसरी तरफ जमा गंदा पानी तथा धारूहेड़ा-भिवाड़ी मार्ग पर लंगे समय से बना मिट्टी का आवेराधक। फोटो : हरिभूमि

### विकराल समस्या का समाधान नहीं

गत वर्ष सीएम मनोहरलाल के आगमन से पहले जिला प्रशासन ने सोहना रोड पर रैंप बनाकर राजस्थान के भिवाड़ी से आने वाले दूषित पानी का रास्ता रोक दिया था। यह पानी भिवाड़ी के सीमावती इलाके के लोगों के लिए आफत बन गया था। एनएचएआई खुद मसानी बैराज तक ड्रेन बनवाने के लिए तैयार है। इसके लिए अधिकारियों ने दोनों राज्यों के चीफ सेक्रेटरी को प्रस्ताव भी भेजा था। एनएचएआई के अधिकारियों की शर्त थी कि पानी को पूरी तरह ट्रीट करने के बाद एनएच-48 तक पहुंचाया जाए, ताकि वह उसे आगे मसानी बैराज तक पहुंचाने की व्यवस्था कर सकें।

### जनवरी में छोड़ा गया था दूषित पानी

राजस्थान की ओर से 20 जनवरी की रात को धारूहेड़ा की ओर भारी मात्रा में दूषित पानी छोड़ दिया गया था। यह पानी सर्विस रोड पर बेसटेक सोसायटी के पास आकर एकत्रित हो गया। एनएचएआई के अधिकारियों ने मालपुरा के पास जेसीबी से मिट्टी डलवाकर पानी रुकवाया था, ताकि पानी नेशनल हाइवे तक नहीं पहुंच सके। जलभराव के कारण नया बनाया गया सीसी रोड भी खराब हो गया था। सर्विस रोड पर दो से फीट तक पानी एकत्रित हो गया था, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। राजस्थान की कंपनियों से आने वाले दूषित पानी का जल्द समाधान नहीं हुआ हो आगामी मानसून में दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर पानी जमा होने से जाम जैसे हालात पैदा हो जाएंगे। नवनिर्मित रोड पर पानी एकत्रित होने से एनएचएआई को नुकसान उठाना पड़ेगा। दूषित पानी से धारूहेड़ा वासियों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। धारूहेड़ा-भिवाड़ी मार्ग पर लंबे समय से मिट्टी डलवाकर दूषित पानी रोका हुआ है, ताकि पानी नेशनल हाइवे के मेन रोड तक नहीं पहुंच सकें।

### नहीं हो रहा समाधान



करीब 20 दिन बाद बरसात शुरू होने वाली है। लंबे समय से भिवाड़ी से आने वाले दूषित पानी का समाधान नहीं हो पा रहा है, जबकि राजस्थान व हरियाणा में भाजपा की सरकार है। अब आगामी सरकार बनने पर केंद्रीय परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर समस्या के समाधान का अनुरोध किया जाएगा।

**-कंवरसिंह यादव,** चेयरमैन, नपा।

### डिलीवरी ब्वाय कंपनी के पैकेट व नकदी लेकर फरार, केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा स्थित सामान डिलीवर करने वाली कंपनी में कार्यरत डिलीवरी ब्वाय सामान के पैकेट व नकदी लेकर फरार हो गया। ऑफिस इंचार्ज की शिकायत पर धारूहेड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। धारूहेड़ा के बास रोड स्थित फिलिप कार्ट कंपनी ऑफिस के इंचार्ज गांव हि ग वा हे ड़ा तिजारा निवासी विकास यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास ओमप्रकाश निवासी गाव खटावली 5 मई 2024 से से डिलीवरी ब्वाय के पद पर कार्य कर रहा था। 2 जून को सुबह 10 बजे वह सामान के 77 पैकेट लेकर ऑफिस से निकला था, जिसमे से उसने 27 पैकेट कस्टूकर को डिलीवरी किए और बकाया 47 पैकेट उसके पास है।

- डिलीवरी किए गए 27 पैकेट के 5900 रुपये भी ओमप्रकाश के पास है और बचे हुए 47 पैकेट की कीमत करीब 40000 रुपये है

उनके पास ओमप्रकाश की आखरी कॉल शाम 4:30 बजे के करीब आई थी, जिसमें उसने बताया कि एक घंटे का काम बाकी है, उसके बाद से उसका फोन बंद आ रहा है। डिलीवरी किए गए 27 पैकेट के 5900 रुपये भी ओमप्रकाश के पास है और बचे हुए 47 पैकेट की कीमत करीब 40000 रुपये है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आईजीयू में 27 तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

- इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जून हैं
- प्रथम मेरिट सूची 15 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी
- बी फामेर्सी में प्रवेश हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी की ओर से किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में सत्र 2024-25 के लिए विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों के विभिन्न कोर्सो में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 3 जून से आरंभ हो गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जून हैं। प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी जोकि 4 जुलाई से 8 जुलाई के मध्य होगी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट आईजीयूएसीइन पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकता है। प्रथम मेरिट सूची 15 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी एवं प्रथम काउंसलिंग 17 जुलाई को होगी। सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित कोई भी परिवर्तन, शुद्धिपत्र, नोटिस व जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। बीटेक सीएसई और बीटेक सीएसई लेटरल एंट्री के लिए प्रवेश और काउंसलिंग के बारे में विभाग की ओर से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। बी फामेर्सी में प्रवेश हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी की ओर से किया जाएगा। विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों की सूची, काउंसलिंग का कार्यक्रम और कक्षाओं की शुरूआत की सूचना विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

## संस्था के उमंग सीजन-8 समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार को शहर के भाड़ावास गेट स्थित संस्थान में समर कैंप उमंग सीजन-8 का शुभारंभ पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मवीर बल्ड़ोदिया ने किया। समाजसेवी ईश्वरी प्रसाद ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अभिराज सांस्कृतिक संस्था के निदेशक अभिषेक सैनी ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को डांस की सभी विधाएं सिखाई जाएंगी। कैंप 4 जून से 23 जून तक चलाया जाएगा। कैंप में बच्चों को जुंबा, बॉलीवुड डांस, वेस्टर्न डांस, फ्री स्टाइल, पंजाबी, राजस्थानी व हरियाणवी लोक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि कैंप का मुख्य उद्देश्य छुट्टियों के दिनों में बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को निखारने का मौका देना है। संस्था की ओर से बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर राजेश भगत, मीत, परी, विनय, भानवी सैनी, पार्थ सैनी, नियति सैनी, निशा, खुशी व शालू सैनी मौजूद थे।



रेवाड़ी। समर कैंप का शुभारंभ करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## ट्रक व ट्राले की भिडंत में लगी आग झुलसने से ट्राला चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

रेवाड़ी-जैसलमेर हाइवे पर पाड़ला के समीप ट्रक व ट्राले की भिडंत में लगी आग में झुलसने से चालक की मौत हो गई। मृतक चालक की पहचान राजस्थान पावटा थाना के गांव भीलोठ के रूप में पहचान हुई है। मंगलवार सुबह रेवाड़ी-जैसलमेर हाइवे पर रेवाड़ी से नारनौल की ओर ट्राला जा रहा था। जैसे ही ट्राला पाड़ला के पास पहुंचा तो वह एक ट्रक से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। थोड़ी ही देर में ट्राले में लगी आग की लपटे काफी तेज हो गई। ट्राला सीएनजी होने के कारण आग बढ़ती चली गई। ट्राले मे लगी आग से ट्रक के पिछले हिस्से में आग लग गई। सूचना पाकर कुंड चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उस समय तक आग बेकाबू हो चुकी थी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक ट्राला चालक बुरी तरह झुलस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। कुंड चौकी प्रभारी महिपाल सिंह ने बताया कि चालक का अधजला शव ट्राले से निकाला गया। उसके पहचान पत्र भी जलकर राख हो गए थे। दोपहर बाद उसकी पहचान राजस्थान के गांव भीलोठ निवासी सुभाष के रूप में हुई।



रेवाड़ी। हाइवे पर पाड़ला के समीप ट्रक व ट्राले में लगी आग। फोटो : हरिभूमि

## बेटे से मिलने आई मां, पीछे से नकदी व जेवरात चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

खोल थाना क्षेत्र के गांव में चोर बंद मकान में चोरी कर ले गए। खोल थाना पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। गांव ऊंचा निवासी सुनील कुमार अपने परिवार के साथ रेवाड़ी में रहता हैं तथा उसकी मां गांव के मकान में रहती है।

करीब तीन दिन से उसकी मां रेवाड़ी आई हुई थी। 3 जून को सुबह जब वह गांव के मकान पर गए तो कमरों के ताले टूटे हुए मिले। अल्मारी व संदूक के ताले भी टूटे हुए थे। जब उन्होंने सामान चैक किया तो 65 हजार रुपये की नकदी, 5 जैंट्य सोने की अंगूठी, 2 सोने की चैन, सोना का गले का हार, 4 सोने की चुड़िया, 6 जोडी सोने के टोपस, 3 सोने की अंगूठी लेडीज, एक सोने का मंगल सूत्र, चांदी की 7 जोड़ी पायजेब और चांदी के सिक्के गायब थे। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



रेवाड़ी। झुग्गियों मे फल वितरित करते हुए कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रेवाड़ी।** पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजनलाल की पुण्यतिथि पर कुलदीप बिश्नोई समर्थकों ने वरिष्ठ कार्यकता प्रदीप वाल्मिकी के नेतृत्व में कोनसीवास रोड व नारनौल रोड स्थित झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वाले लोगों को अल्पाहार वितरित किया गया। इस दौरान समर्थकों ने पौधरोपण भी किया। इस मौके पर चौ. भजनलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि चौ. भजनलाल का समय प्रदेश के स्वर्णिम काल के रूप में आज भी याद किया जा रहा है। प्रदेश में अनेकों मुख्यमंत्री रहे, लेकिन चौ. भजनलाल की कार्यप्रणाली से लोग आज भी प्रभावित हैं। उन्होंने सभी वर्गों का विकास कराते हुए प्रदेश को नई बुलंदियों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि चौ. भजनलाल का दक्षिण हरियाणा से विशेष लगाव रहा। इस मौके पर वरिष्ठ नेता बस्तीराम यादव, रतनलाल सैनी, राहुल वाल्मिकी, राजेश कुमार, मुन्ना लाल, नरेश वाल्मिकी व पवन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पति सहित चार पर दहेज प्रताड़ना व मारपीट का केस दर्ज

भास्कर न्यूज ▶▶| कोसली

सुधराना गांव की एक विवाहिता ने अपने पति, सास, देवर व एक अन्य पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 27 दिसंबर की रात उसके पति रविन्द्र ने उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे उनके देवर प्रेमप्रकाश व सास राजवंती ने भी मारपीट की। वह किसी तरह जान बचाकर अपने 9 वर्षीय बच्चे साहिल को लेकर पड़ौस के एक घर में छिप गई तथा सुबह अपने बच्चे के साथ अपने मायके बिहारीपुर आ गई। विवाहिता के पिता की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है तथा मां बीमार रहती है। विवाहिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष की नजर उनके मायके की जमीन पर है, जिसे वह अपने नाम कराने के लिए उनके ऊपर दबाव डालते हैं। पुलिस ने उसकी शिकायत की मीडिएशन सैल से जांच कराने के बाद सोमवार को सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**राजनीति**

सांसद की आमजन से दूरी रही सबसे बड़ा कारण, जगदीश व अनिल पाल्हावास का जाना बना बड़ा फैक्टर

# कोसली में सफल रहा हुड्डा का मास्टर प्लान, भाजपा की कोई रणनीति नहीं आई काम

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

रोहतक लोकसभा सीट पर गत वर्ष की तरह इस बार भी भले ही कोसली की जनता ने भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा को जिताकर भेज दिया हो, परंतु मार्जिन काफी कम होना उनकी हार का सबसे बड़ा फैक्टर साबित हुआ है। दीपेंद्र हुड्डा ने कोसली में हार के अंतर को कम करने के लिए जो मास्टर प्लान बनाया था, वह उसमें पूरी तरह सफल साबित होकर हार को जीत में बदल बदलने में कामयाब हो गए। इसके विपरीत भाजपा इस हलके में अपनी बढ़त को बरकरार रखने की बजाय जीत से भी वंचित रह गई। भाजपा की गत लोकसभा चुनावों में करीब 75 हजार मतों की लीड कोसली में इस बार भाजपा प्रत्याशी की 2 वोट से हार में बदल गई।

कोसली हलके के मतदाताओं ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा के पक्ष में खुलकर मतदान किया था। लगभग 75 हजार मतों से मिली हार को दीपेंद्र हुड्डा अन्य हलकों में मिली जीत से भी पाट नहीं पाए थे। इसके बाद हलके के लोगों ने विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को खुलकर साथ दिया था। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद इस हलके को सरकार में भागीदारी नहीं दिया जाना लोगों की नाराजगी का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा था। इसके बाद सांसद अरविंद शर्मा ने कोसली हलके में लोगों के बीच अपनी उपस्थिति नाममात्र ही दर्ज कराई थी। इससे सांसद के प्रति लोगों में नाराजगी प्रचार शुरू होने के साथ ही देखी जाने लगी थी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र कोसली की बड़ी हार को भुला नहीं पाए थे। उन्होंने रोहतक का किला फतह करने के लिए कोसली को साधने पर पूरी ताकत लगा दी थी। उन्होंने लोकसभा चुनावों की घोषणा के करीब ही पूर्व मंत्री जगदीश यादव को कांग्रेस ज्वाइन करने के साथ ही कोसली में हार का अंतर कम करने की कवायद शुरू कर दी थी। इसके बाद राव इंद्रजीत सिंह के खास समर्थक रहे अनिल पाल्हावास को भी कांग्रेस ज्वाइन करा दी थी।



दीपेन्द्र हुड्डा



जगदीश यादव



अनिल पाल्हावास

### राव ने नहीं दिया शर्मा का खुलकर साथ

भाजपा प्रत्याशी के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत से राजनीतिक मतभेद भी इस बार उनके लिए घाटे का सौदा साबित हो गए। प्रचार के अंतिम चरण में राव महज औपचारिकता पूरी करने के लिए कोसली चले गए, लेकिन उन्होंने समर्थकों को अरविंद शर्मा का खुलकर साथ देने के कोई संकेत नहीं दिए। राव के कई समर्थक मतदान के दौरान दीपेंद्र के खेमे में खड़े नजर आए, जिससे यह साफ हो गया था कि कोसली में बड़ा खेला होने जा रहा है। राव की ओर से समर्थकों को अरविंद के लिए बड़ा संदेश नहीं दिया गया था।

### जगदीश का जाना पड़ा ज्यादा भारी

कोसली हलके में जगदीश यादव का अपना व्यक्तिगत वोट बैंक है। यह वोट बैंक पूरी तरह जगदीश के साथ चलता है। भाजपा कोसली हलके के इस दिग्गज नेता को लोकसभा चुनावों तक भी रोक नहीं पाई, जबकि हुड्डा एक झटके में उन्हें अपने खेमे में शामिल करने में कामयाब हो गए। अनिल पाल्हावास ने हुड्डा ग्रुप जवाइन करने के साथ ही दीपेंद्र को लोकसभा चुनाव जिताने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाते हुए कई पंचायत सदस्यों को कांग्रेस ज्वाइन कराने का सफल प्रयास किया था।